# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 10 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष कृष्ण-षष्ठी
विक्रम संवत-2082


**PAGE NO : 04 MIDDLE**

## सनकी महिला के आने से डॉक्टर की शांत जिंदगी में पैदा हुई हलचल



रिद्धिमा सभागार में नाटक का मंचन करते कलाकार। स्रोत : संस्था

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार को रूसी नाटककार एलेक्सी अर्बुजोव की चर्चित कृति 'द ओल्ड वर्ल्ड' पर आधारित नाटक 'हम-तुम' का मंचन हुआ। यह अधेड़ उम्र के दो व्यक्तियों की कहानी पर आधारित है। इस नाटक की पृष्ठभूमि एक सेनिटोरियम है, जहां 55 वर्षीय डॉ. सरदार सिंह भुल्लर (गोविंद सिंह यादव) अपने एकाकी जीवन और काम-काज में व्यस्त हैं।

उत्साही, स्वतंत्र विचारों वाली, बातूनी और थोड़ी सनकी 49 वर्षीय सरिता (मयूरी द्विवेदी) सेनेटोरियम में भर्ती होती है। वह डॉ. भुल्लर की शांत व अनुशासित जिंदगी में हलचल पैदा करती है। नाटक छोटी-मोटी नोकझोंक से भरपूर है।

इसका निर्देशन सुदीप चक्रवर्ती ने किया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना आदि मौजूद रहे। संवाद